1722. 'स्कूल पधारो जैसाणे री लाडली' योजना ने .... आयु वर्ग की बालिकाओं को लक्षित किया है।

(a) 5 से 8 वर्ष (b) 10 से 18 वर्ष
(c) 3 से 6 वर्ष (d) 5 से 9 वर्ष

RPSC Van Rakshak Exam 11.12.2022 Shift-I

Ans. (b) : स्कूल पधारो जैसाणे री लाडली योजना ने 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को लक्षित किया गया है। यह योजना जैसलमेर जिले में प्रारम्भ की गयी है। इसके अन्तर्गत उन लड़कियों की पहचान की जायेगी जो स्कूल छोड़ चुकी है और उन्हें उनके गांवों में मोबाइल के माध्यम से पढ़ाया जाएगा।

1723. राजस्थान में कृषक उपहार योजना के तहत कितने मूल्य की कृषि उपज के विक्रय पर कृषक को ई-कूपन प्राप्त होगा?

(a) पाँच हजार रूपये या उससे अधिक
(b) दस हजार रूपये या उससे अधिक
(c) बीस हजार रूपये या उससे अधिक
(d) तीस हजार रूपयेया उससे अधिक

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (b) : राजस्थान में कृषक उपहार योजना के तहत दस हजार रूपए व उससे अधिक के विक्रय पर कृषक को ई-कूपन प्राप्त होगा। इस योजना को 1 जनवरी-2022 को शुरू किया गया है। कृषक उपहार योजना के तहत राष्ट्रीय कृषि बाजार यानी ई-नाम (E-NAM) के जरिए अपनी उपज बेचने वाले किसानों को 2-3 लाख रूपये तक का पुरस्कार दिया जायेगा।

1724. टेलीमेडिसिन योजना का उद्घाटन किया गया

(a) भीलवाड़ा से (b) झालावाड़ से
(c) बांसवाड़ा से (d) उदयपुर से

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 (06.11.2022)

Ans. (b) : टेलीमेडिलिन योजना का उद्घाटन 'झालावाड़' से किया गया था। इस योजना के अन्तर्गत घर बैठे ही ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवायी जाती है।

1725. राजस्थान के पहले आयुर्वेदिक चिकित्सा स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्र की आधारशिला मुख्यमंत्री द्वारा कहाँ रखी गई?

(a) करनपुर (b) करौली
(c) खमनोर (d) रींगस

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : 12 जून 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजसमंद के खमनौर के ग्राम पंचायत फतेहपुर के बिल्ली की भागल में आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र हेल्थ और वेलनेस सेंटर का शिलान्यास किया।

1726. राजस्थान की पहली प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना कौन सी है?

(a) भामाशाह योजना (b) किशोरी शक्ति योजना
(c) लाड़ली योजना (d) इनमें से कोई नहीं

स्टेनोग्राफर परीक्षा- 2019

Head Cleark Combined Exam-2018

Ans. (a) : राजस्थान की पहली प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना भामाशाह योजना है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक व सामाजिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है ताकि उनका चहुँमुखी विकास हो सके और वो सशक्त बन सकें। राजस्थान की भामाशाह योजना केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनधन योजना से प्रभावित है।

1727. मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना प्रारंभ हुई–

(a) 27 जनवरी, 2015 से
(b) 27 जनवरी, 2016 से
(c) 27 फरवरी, 2016 से
(d) 30 मार्च, 2016 से

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021
कनिष्ठ अभियंता (विद्युत) परीक्षा- 2020

Ans. (b) : मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना राजस्थान सरकार द्वारा 27 जनवरी 2016 को झालावाड़ जिले में गांव गर्दनखेड़ी से प्रारम्भ किया गया था। इस योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की न्यूनतम आवश्यकता की पूर्ति, जल उपलब्धता एवं अकाल के दौरान पानी के अभाव से उत्पन्न समस्याओं का निराकरण किया जायेगा।

1728. राजस्थान में स्मार्ट विलेज (गाँव) स्कीम के अन्तर्गत स्मार्ट विलेज विकसित करने के लिये कितने गाँव चयनित किये जा चुके हैं?

(a) 3275 (b) 4550
(c) 5025 (d) 6015

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : राजस्थान सरकार द्वारा गाँवों में भी शहरों जैसे सुविधाएँ प्रदान करने के लिए 'राजस्थान स्मार्ट विलेज योजना'के तहत वर्ष 2017-18 तक के राज्य के 33 जिलों के 3275 गाँवों का चयन किया गया था। सबसे अधिक 233 गांव जयपुर से शामिल किये गये हैं।

1729. राजस्थान में शिशु एवं मातृत्व मृत्यु दर कम करने एवं गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान करने के लिए कौन-सी योजना प्रारम्भ की गई है?

(a) राजस्थान जननी शिशु सुरक्षा योजना
(b) आशा सहयोगिनी
(c) मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस
(d) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

Udyog Nirikshak Exam (Code-38)-2018

Ans. (a) : स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 1 जून 2011 को राजस्थान में जननी शिशु सुरक्षा योजना का प्रारम्भ किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य राज्य में मातृ मृत्यु दर को कम करना तथा गर्भवती स्त्री को निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवायें, आवश्यक खून की उपलब्धता एवं अन्य सभी स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराना।

1730. **राजस्थान मुख्यमंत्री किसान मित्र ऊर्जा योजना 2021 के सम्बन्ध में कौन से कथन सही हैं?**

(A) मीटर्ड कृषि उपभोक्ताओं को राज्य सरकार बिजली के बिल पर अधिकतम ₹ 12,000 प्रति वर्ष अनुदान प्रदान करेगी।